# Fourteenth Loksabha

**Session : 8**
**Date : 28-07-2006**
**Participants : Bhargav Shri Girdhari Lal,Rawat Prof. Rasa Singh,Yadav Dr. Karan Singh**

>

Title : Need to recruit more number of postmen in Jaipur, Rajasthan.

**श्री गिरधारी लाल भार्गव** : महोदय, मैं इसके लिए क्षमा चाहता हूँ और मैं अनुरोध करता हूँ कि मुझे बोलने की अनुमति दी जाए।

**सभापति महोदय :** ठीक है, आप बोलिए।

**श्री गिरधारी लाल भार्गव** : महोदय, जय में डाक व्यवस्था में जो गति थी वह अब पोस्टमैनों की निरन्तर कमी किए जाने के कारण बिगड़ रही है। जयपुर शहर का काफी विस्तार हो गया है और वहां काफी संख्या में बहुमंजिली इमारतें बन गयी हैं। एक पोस्टमैन को काफी लम्बे क्षेत्र में डाक बांटनी पड़ती है और बहुमंजिली इमारतों में डाक बांटने में उनको काफी कठिनाई हो रही है। आठ-दस मंजिली इमारतें बनी हुई हैं। आजकल लोगों के प्रेमपत्र भी डाक के माध्यम से आते रहते हैं। अगर किसी व्यक्ति का प्रेमपत्र किसी दूसरे के हाथ में पड़ जाएगा तो वह व्यक्ति नाराज होगा, इसलिए पोस्टमैन को डाक बांटने के लिए उन बहुमंजिली इमारतों में स्वयं ऊपर तक जाना पड़ता है। जयपुर में डाक बांटने वालों की संख्या जयपुर के विस्तार को देखते हुए काफी कम है और वहां पोस्टमैनों के रिक्त पदों पर भर्ती करने पर पाबन्दी लगी हुई है। इसलिए आपके माध्यम से सरकार से मेरी मांग है कि वहां नए पोस्टमैनों की भर्ती की जाए और रिक्त पदों को भरने पर जो पाबन्दी लगी हुई है, उसे हटाया जाए।

महोदय, मैं समझता हूँ कि आज के दिन सबसे अच्छा और प्रासंगिक विाय मैंने शून्यकाल में उठाया है। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ।

**प्रो. रासा सिंह रावत** : महोदय, मैं स्वयं को श्री गिरधारी लाल भार्गव जी की बात से सम्बद्ध करता हूँ।

**डॉ. करण सिंह यादव** : महोदय, मैं भी स्वयं को इस मांग से सम्बद्ध करता हूं।

**सभापति महोदय :** कृपया दोनों माननीय सदस्यों के नाम इससे सम्बद्ध किए जाएं।

**श्री गिरधारी लाल भार्गव** : महोदय, मैं इन दोनों माननीय सदस्यों को इसके लिए धन्यवाद देता हूँ।

MR. CHAIRMAN : The House stands adjourned to meet on Monday, the 31st July, 2006 at 11.00 a.m.

**18.53 hrs.**

# The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on[r81] Monday, July 31, 2006/Sravana 9, 1928 (Saka).